# The Cow of the Barricades

---

## Textual Questions

**(A) Tick the correct alternative :**

**Question 1. Women and children were taken to the camps by field**

(a) to have food together
(b) to save them from the attack of government army
(c) to make a plan to attack the enemies
(d) none of the above

**Answer:** (b) to save them from the attack of government army

**Question 2. On hearing about the attack of the government, the workmen**

(a) erected a barricade
(b) secured houses and hoarded valuables
(c) collected arms
(d) all of the above

**Answer:** (d) all of the above

**Question 3. The workmen laid down their arms because**

(a) the master was against violence
(b) they thought it was impossible to take on the enemy
(c) they felt uplifted, and felt that cow would somehow protect them.
(d) all of the above

**Answer:** (c) they felt uplifted, and felt that cow would somehow protect them.

**(B) Answer the following questions in about 15-20 words each :**

**Question 1. Why does the author say that Gauri was not a dedicated cow?**

लेखक क्यों कहता है कि गौरी अर्पित (देवता को चढ़ाई हुई) गाय नहीं थी?

**Answer:** Gauri, unlike other cows was never caught by any shopkeeper eating grams, nor was she found huddled in the cattlepond as stray cows do.

दूसरी गायों की तरह उसे कभी किसी दुकानदार ने चनों पर मुंह मारते नहीं पकड़ा था और ना ही वह किसी पोखर में दूसरी गायों के साथ सिमटकर बैठी हुई देखी गई।

**Question 2. What did Gauri do on appearing at the hermitage on Tuesday?**

मंगलवार को गौरी कुटिया पर दृष्टिगोचर होने के बाद क्या करती?

**Answer:** Gauri stood there and nibbled at the master's hair. Shaking her head, she ambled round the master and disappeared among the bushes.

गौरी वहां खड़ी रहकर मालिक के बालों को कुतरती। सिर हिलाती हुई वह मालिक के चारों ओर परिक्रमा करती और झाड़ियों में जाकर ओझल हो जाती।

**Question 3. What did people do with their offerings untouched by Gauri ?**

गौरी द्वारा नहीं छुए गये चढ़ावे का लोग क्या करते?

**Answer:** People did not take back the untouched offerings. They threw it into the river water to be eaten by fishes.

नहीं छुए गये चढावे को लोग वापस नहीं ले जाते। वे इसे मछलियों द्वारा खाने के लिये नदी के पानी में फेंक देते।

**Question 4. What made the workmen furious?**

मजदूरों को किसने आग बबूला कर दिया?

**Answer:** Some workmen were behind the barricades. Gauri, the cow, walked towards them. They got furious saying, "People send the cow instead of coming to help us.

"कुछ मजदूर सुरक्षा दीवार के पीछे थे। गौरी उनकी तरफ आई। वे यह कहते हुए गुस्सा हो गये कि लोगों ने हमारी मदद के लिये आने के बजाए एक गाय को भेज दिया है।"

**Question 5. What did Seth Jamnalal Dwarkachand do after buying two houses on either side of the barricades?**

सेठ जमनालाल द्वारकाचंद ने सुरक्षा दीवार के दोनों तरफ दो घर खरीदने के बाद क्या किया?

**Answer:** After buying two houses on either side of barricades, Seth Jamnalal Dwarkachand cut a loop road through the two houses and in the middle he erected a metal statue of Gauri.

दीवार के दोनों तरफ दो घर खरीदने के बाद सेठ जमनालाल द्वारकाचंद ने उन दो घरों के बीच घेरेनुमा सडक बनवाई और बीच में उन्होंने गौरी की एक धातु की मूर्ति स्थापित की।

**(C) Answer the following questions in about 50 words :**

**Question 1. What does the author say about the snake and rat playing under the master's bed ?**

मालिक के पलंग के नीचे चूहे व सर्प के खेलने के बारे में लेखक क्या कहता है?

**Answer:** The author has beautifully used symbolism here. In the city people are living happily and merrily. The life they are leading is full of happiness. They need not to worry about anything. Thus the use of phrase," the snake and the rat playing under the master's bed" shows this clearly.

लेखक ने यहां प्रतीकवाद का सुन्दरता से उपयोग किया है। नगर में लोग प्रसन्नतापूर्वक आनन्द से रह रहे हैं। वे हंसी खुशी जीवन जी रहे हैं। उन्हें किसी प्रकार की चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। इस प्रकार सर्प व चूहे का मालिक के पलंग के नीचे खेलने वाला वाक्यांश इसे स्पष्ट रूपेण दर्शाता है।

**Question 2. Why did the workmen lay down their arms ?**

मजदूरों ने अपने हथियार नीचे क्यों गिरा दिये?

**Answer:** In honour of the cow Gauri, the workmen laid down their arms. Previously they were hiding behind the barricades. When they saw Gauri coming towards them, they got furious. As Gauri came nearer, the workmen laid down their arms, to show respect and folded their hands and fell prostrate at her feet.

गौरी के सम्मान में, मजदूरों ने अपने हथियार नीचे | गिरा दिये। इससे पहले वे सुरक्षा दीवारे के पीछे थे। जब उन्होंने गौरी को अपनी तरफ आते देखा तो वे क्रोधित हो उठे। ज्योंहि गौरी और पास आई, मजदूरों ने गौरी के प्रति प्रेम और आदर प्रकट करने के प्रयोजन से अपने हथियार नीचे गिरा दिये और अपने हाथ जोड़ लिये और उसके चरणों में लेट गये।

**Question 3. Describe the march of Gauri to the barricades.**

गौरी के सुरक्षा दीवार की तरफ गमन का वर्णन करो।

**Answer:** People had a deep faith for Gauri in their hearts. That day when Gauri was moving towards the barricades, her head was gently bent and her ears were pressed back. She was looking like someone going to the temple with fruits and flowers to offer to the goddess. Gauri walked on but she neither shuddered nor ran towards the barricades.

गौरी के प्रति लोगों के मन में गहरी आस्था थी। एक दिन गौरी सुरक्षा दीवार की तरफ अपना सिर हल्के से झुकाये हुए और अपने कानों को पीछे की तरफ चिपकाए हुए चली जा रही थी। वह ऐसी लगी मानो कोई मंदिर में देवी को फल व पुष्प अर्पित करने जा रहा हो। गौरी सुरक्षा दीवार की तरफ बढ़ती गई। वह न तो थरथराई और न ही सुरक्षा दीवार की ओर दौड़ी।

**Question 4. How did the town's folk honour Gauri after her heroic death?**

गौरी की वीरतापूर्ण मौत के बाद नगर के लोगों ने उसका सम्मान किस प्रकार किया?

**Answer:** In order to keep Gauri's sacrifice fresh in the people's mind forever, Seth Jamnalal Dwarka Chand erected a metal statue of Gauri at the spot she was killed. People offered Gauri flowers, honey, fruits, sweets and first green grass of spring. Hawkers cried at railway station, selling the toy model of Gauri.

गौरी के बलिदान को लोगों के दिलों में हमेशा के लिये ताजा रखने के प्रयोजन से सेठ जमनालाल द्वारका चंद ने गौरी के मृत्यु स्थल पर उसकी धातु की मूर्ति स्थापित की। लोग गौरी को फूल, शहद, मिठाइयां और बसन्त की पहली हरी घास अर्पित करते। रेलवे स्टेशन पर फेरी वाले गौरी की मूर्ति के खिलौना बेचते।

**Question 5. What made the Master resign?**

मालिक को पद त्याग हेतु किसने मजबूर किया?

**Answer:** The Master did not like conflict and bloodshed. When the Master saw that some workmen had brought picks, scythes, crowbars and rifles and a regular fighting army ready to face the British armies, he tried his best to stop them. But the workmen were determined to fight. So in deep despair the Master was forced to resign.

मालिक युद्ध व रक्तपात नहीं चाहता था। जब मालिक ने देखा कि कुछ मजदूर ब्रिटिश सेनाओं का सामना करने के लिये गेतियां, दरातियां, सब्बलें और राइफलें ले आये थे तथा उन्होंने नियमित लडाकू सेना तैयार कर ली थी तो उन्होंने उन्हें रोकने के भरसक प्रयास किये।

किन्तु मजदूर युद्ध करने के लिये दृढ़ निश्चयी थे। इसलिये गहन निराशा में मलिक पद त्याग के लिए मजबूर हो गया।

**(D) Answer the following questions in about 100 words each :**

**Question 1. Write a note on symbolism in “The Cow of the Barricades”.**

‘सुरक्षा दीवार वाली गाय’ में प्रतीकवाद पर टिप्पणी लिखिये।

**Answer:** This story is set in the thirties of the 20th century when Gandhiji began his non violence movement against the British. The cow becomes symbolic of the synthesis between carrying on the traditions and yet adapting to the changing times.

The image of the sacred cow and how people worship the animal becomes a repository of traditional values and when the cow is shot in the head by a British officer, thus saving several lives, it becomes a martyr in the cause of the Indian freedom struggle. The writer has given a realistic portrayal of India as well as the beliefs that people held.

यह कहानी बीसवीं शताब्दी के तीसवें दशक में स्थापित की गई जब गांधी जी ने अंग्रेजों के खिलाफ अपना अहिंसा आन्दोलन आरंभ किया था। गाय परम्पराओं का निर्वाह करने और समय परिवर्तन के अनुसार ढलने के बीच संयोजन का प्रतीक बन जाती है। पवित्र गाय की छवि और किस प्रकार लोग पशु की पूजा करते हैं, पारम्परारिक मूल्यों का द्योतक बन जाती है।

जब अंग्रेज अधिकारी द्वारा गाय के सिर में गोली मारी जाती है तो वह भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के पवित्र उद्देश्य हेतु शहीद बन जाती है और कई लोगों के प्राण बचाती है। लेखक ने भारत का वास्तविक शब्द चित्रण किया है, साथ ही लोग जो विश्वास पालते थे उनका भी (शब्द चित्रण किया है)।

**Question 2. How did people take the mysterious appearance of Gauri?**

गौरी की रहस्यमयी झलक को लोगों ने किस प्रकार स्वीकार किया?

**Answer:** Gauri used to come to the Master. People took the cow to be a strange creature, which used to disappear after paying a visit. Only the Master knew about the whereabouts of Gauri. Everybody liked, loved and respected Gauri. People thought her to be goddess Lakshmi.

Different people came to her with various wishes to be granted and fulfilled. The story was written in thirties, when people were not much literate. They could be : led in any direction. People had blind beliefs.

Gauri, in the story, has been pictured as a pious creature. At the same time her mysterious appearance and disappearance make the belief firmly fixed in the people’s mind.

गौरी मालिक से मिलने आया करती थी। लोगों ने गाय को विचित्र प्राणी के रूप में मान लिया जो कि मिलने के बाद गायब हो जाया करती थी। लोगों ने उसे लक्ष्मी नामक देवी माना। तरह-तरह के लोग अपनी अपनी मुरादों को स्वीकार कराने और पूरा करने के लिये उसके पास आते।

कहानी तीसवें दशक में लिखी गई जब लोग अधिक पढ़े लिखे नहीं थे। उन्हें किसी भी दिशा में मोड़ा जा सकता था। लोग अन्ध-विश्वासी थे। कहानी में गौरी को एक पवित्र जीव के रूप में चित्रित किया गया है।

वहीं गौरी का रहस्यमय तरीके से प्रकट व गायब होना इस विश्वास को लोगों के मन में मजबूती के साथ स्थाई कर देता है।

## Additional Questions

**Answer the following questions in about 50 words each :**

**Question 1. What was the master’s opinion regarding the battle against red men ?**

गोरे लोगों के खिलाफ युद्ध के बारे में मालिक की क्या राय थी?

**Answer:** The Master was a peace-loving person. He did not like to use violence to get freedom. The Master advised people to boycott foreign goods, stop serving the British Government and refuse to pay taxes. He was against setting up barricades in the name of peace, for much blood will be spilt.

मालिक शान्तिप्रिय व्यक्ति था। वह आजादी के लिये हिंसा को पसन्द नहीं करता था। मालिक ने लोगों को राय दी कि वे वे विदेशी वस्तुओं का बहिष्कार करें, अंग्रेजी राज्य की नौकरी करना बन्द कर दें, और कर चुकाने से मना करें। मालिक शांति के नाम पर सुरक्षा दीवारें बनाने के विरुद्ध थे क्योंकि इससे अधिक रक्त बहेगा।

**Question 2. How did people show their trust in Gauri as a goddess ?**

लोगों ने गौरी में देवी के रूप में अपनी आस्था किस प्रकार प्रकट की?

**Answer:** Everybody in the city liked, loved and respected Gauri. People thought her to be goddess Lakshmi. They would come to her with various wishes to be fulfilled. Therefore every Tuesday, there was a well prepared procession of men and women at the Master’s hermitage.

नगर में हर कोई गौरी को चाहता, प्यार करता और आदर करता था। लोग उसे देवी लक्ष्मी मानते थे। लोग उसके पास अपनी-अपनी मुरादें स्वीकार कराने और पूरा करने के लिये आते। इसलिए हर मंगलवार को मालिक की कुटिया पर पुरुषों एवं महिलाओं का सुसज्जित जुलूस बन जाता था।

**Question 3. What were the after effects of Gauri's death in the city?**

गौरी की मृत्यु से नगर में पीछे होने वाले क्या प्रभाव देखे गये?

**Answer:** The sacred cow had very special qualities. Therefore, Gauri was treated with respect. She was a part of the ancient Indian tradition. Gauri died of a bullet fired by a British officer during the freedom riots. This probably saved the lives of many in the city. She was a martyr in the cause of the Indian freedom struggle.

वह पवित्र गाय विशेष गुणों से युक्त थी। इसलिये गौरी के साथ आदरपूर्ण व्यवहार किया गया। वह भारतीय परम्पराओं का एक हिस्सा थी। गौरी एक अंग्रेज अधिकारी की गोली से आजादी के दंगों के दौरान मारी गई थी। इससे शायद नगर के कई लोगों की जान बची थी। भारतीय स्वतंत्रता संघर्ष के नाम पर वह एक शहीद थी।

**Question 4. How does this story depict India's Freedom Movement ?**

यह कहानी भारत के स्वतंत्रता आन्दोलन का चित्रण किस प्रकार करती है?

**Answer:** This story gives a picture of India's struggle for independence under the inspiring leadership of M.K. Gandhi. In the story, the Master is none other than the Mahatma. Mahatma Gandhi is in the background and the master advising the people is his representative. Gauri, the cow is representing mother India.

यह कहानी आजादी के लिये महात्मा गाँधी के नेतृत्व में भारत के संघर्ष का चित्र प्रस्तुत करती है। कहानी में मालिक और कोई नहीं बल्कि महात्मा गांधी हैं। महात्मा गांधी पृष्ठ भूमि पर है, और लोगों को सलाह देने वाला मालिक उनका प्रतिनिधि है। गौरी नामक गाय भारत माता का प्रतिनिधित्व कर रही है।

**Answer the following questions in about 100 words each :**

**Question 1. How can you say that people had blind faith in Gauri?**

आप किस प्रकार कह सकते हैं कि लोगों में गौरी के प्रति अन्धश्रद्धा थी?

**Answer:** Gauri, the central figure of the story was found in different places at different times. Everybody liked, loved and respected Gauri as a sacred creature. People thought her to be goddess Lakshmi who helps both rich and poor.

People come to her carrying various wishes to be granted and fulfilled – the students for good marks, girls for handsome husbands, windows for purity, childless for children and the like. Therefore every Tuesday there was a well prepared procession of men and

women at the Master's hermitage. But Gauri used to pass by them all like a holy lady among men.

कहानी का केन्द्रीय पात्र गोरी अलग-अलग समय पर विभिन्न स्थानों पर पाई जाती। पवित्र जीव होने के कारण प्रत्येक व्यक्ति उसे चाहता, प्यार करता व आदर देता था। लोग उसे अमीर व गरीब दोनों की सहायता करने वाली देवी लक्ष्मी मानते थे।

विभिन्न प्रकार के लोग अपनी – अपनी मुरादें लेकर उसके पास स्वीकार कराने व पूरा करने के लिये आते थे- विद्यार्थी सफल होने के लिए, लड़कियां सुन्दर पतियों के लिये, विधवाएं पवित्रता के लिये, निस्संतान संतानों के लिये आते थे।

इसलिए हर मंगलवार को मालिक की कुटिया पर सुसज्जित जुलूस बन जाता। किन्तु गौरी उन लोगों के पास होकर गुजर जाती मानो कोई पवित्र महिला लोगों के मध्य हो।

**Question 2. Describe the wavering mental state of people between violence and non-violence.**

लोगों की हिंसा व अहिंसा के बीच की अस्थिर मानसिक अवस्थाओं का वर्णन कीजिए।

**Answer:** This story clearly shows that people can easily be led in any direction, if they are not literate. They are not able to understand the realities and start thinking and acting as the majority of them do. The red man's government thought to rule over India whatever be the cost.

While the whole town was tense and full of barricades, Gauri walked along, surrounded by people, among whom some started worshipping her and begged her for peace and salvation.

The chief of the red men fired a shot and Gauri died on the spot. A rich man built á metal statue of Gauri there and people started worshipping her. So people had wavering mental states between violence and non-violence.

यह कहानी स्पष्ट रूप से बताती है कि लोगं यदि शिक्षित नहीं है तो उन्हें किसी भी दिशा में आसानी से बहकाया जा सकता है। वे वास्तविकताओं को समझने में सक्षम नहीं होते और अधिकांश जैसा करते हैं वैसा ही सोचना वे करना शुरू कर देते हैं।

गौरे लोगों की सरकार किसी भी कीमत पर भारत में शासन करना चाहती थी। पूरा शहर जब तनाव में था और सुरक्षा दीवारों से घिरा था तब लोगों से घिरी हुई गौरी आई। लोगों में से कुछ ने उसे पूजना शुरू कर दिया और उससे शांति एवं मोक्ष की याचना की। गोरे लोगों के मुखिया ने गोली चला दी जिससे गौरी की

उसी स्थान पर मृत्यु हो गई। एक अमीर आदमी ने गौरी की धात्विक मूर्ति उस स्थान पर स्थापित कराई और लोग उसकी पूजा करने लगे। इस तरह वे हिंसा व अहिंसा के बीच भ्रामक मानसिक स्थिति में थे।

**Question 3. Where does the main turning point lie in the story? Describe.**

कहानी में मुख्य निर्णायक क्षण कहां है? वर्णन कीजिए।

**Answer:** Most of the people in the city were peace loving, but some people had no faith in non violence. Gauri felt dejected about it and even slied a tear. The Master was forced to resign because the workers wanted to fight.

They refused to be non-violent. Both the parties were set for the showdown-the military on one side, the people armed with picks, scythes, crowbars and even stolen rifles on the other side of the barricades.

Gauri came at last and everyone expected her to save the situation. She was greeted with chants of 'Vande Mataram'. The soldiers were puzzled wondering if it was a flag of truce. It is the main turning point in the story.

नगर के ज्यादातर लोग शान्तिप्रिय थे, किन्तु कुछ लोग अहिंसा में विश्वास नहीं करते थे। गौरी को दु:ख होता और वह आंसू भी बहाती। मालिक को पद त्याग हेतु मजबूर होना पड़ा क्योंकि मजदूर लड़ाई करना चाहते थे और अहिंसक होने से इंकार करते थे।

निर्णायक बल परीक्षा हेतु दोनों पक्ष स्थापित हो गये- गौरे सैनिक एक तरफ.और सुरक्षा दीवारों के दूसरी तरफ गेंतियां, दरातियां, सब्बले और चुराई हुई राइफलों से सज्जित लोग अंत में गौरी आई और हर कोई उससे आश्वस्त था कि वह स्थिति को बचाव कर लेगी।

'वन्देमातरम्' के नारों से उसका अभिवादन किया गया। सैनिक चकरा गये कि कहीं यह समझौते की पताका तो नहीं। यह कहानी में मुख्य निर्णायक क्षण है !